# महत्वपूर्ण सूचना

**बचत बैंक खाते पर ब्याज़ के भुगतान की गणना का आधार**

कोटक महिन्द्रा बैंक के ग्राहकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आरबीआई के दिनांक २४ अप्रैल, २००९ की परिपत्र संख्या DBOD.No.Dir.BC १२८/१३.३.00/२००८-०९ के अनुसार; बचत बैंक खाते पर ब्याज़ के भुगतान की गणना दैनिक गुणनफल आधार पर की जाएगी, जो १ अप्रैल, २0१0 से प्रभावी है. बचत बैंक खाते पर ब्याज़ भुगतान अवधि तिमाही है। इसलिए, दैनिक उत्पाद आधार पर परिकलित बचत बैंक ब्याज़ को हर वर्ष तिमाही अंतराल ३0 जून, ३0 सितम्बर, ३१ दिसम्बर और ३१ मार्च पर भुगतान किया जायेगा।

बचत खाता पर ब्याज़ की दर निम्नानुसार है:

| खाते में शेष जमा राशि | ब्याज़-दर |
|---|---|
| रु. ५0 लाख के बराबर या उससे कम | ३.00% प्रति वर्ष |
| रु. ५0 लाख से ज्यादा | ३.५0% प्रति वर्ष |

**उदाहरणः-**

दिन के अंत में खाते में शेष जमा राशि : = रु. ५५,00,000

- रु. ५0 लाख के बराबर या उससे कम शेष जमा राशि पर नियत ब्याज - ३.00% प्रति वर्ष
- रु. ५0 लाख से ज्यादा शेष जमा राशि पर नियत ब्याज - ३.५0% प्रति वर्ष

यहां दिन के लिए देय ब्याज की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

(५0,00,000 * ३.00% * १/३६५) + ({५५,00,000 – ५0,00,000} * ३.५0% * १/३६५)

**सावधि जमा पर अर्जित ब्याज़ की गणना के लिए हमारा आधार निम्नानुसार है:**

| जमा का प्रकार | ब्याज़ की गणना के लिए आधार |
|---|---|
| घरेलू /एनआरई/एनआरओ जमा | जमा के लिए दिनों की वास्तविक संख्या / एक वर्ष में दिनों की वास्तविक संख्या* |
| एफसीएनआर जमा | जमा के लिए दिनों की वास्तविक संख्या / ३६0 दिन |

*किसी नॉन - लीप वर्ष में बुक डिपॉज़िट के लिए ब्याज़ की गणना का आधार ३६५ दिन का होगा और लीप (कैलेंडर) वर्ष में बुक किये गये आवधिक जमा के लिए एक वर्ष में ३६६ दिन होगा।

KMBL/ Feb 2025 / V 1.13